देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 59 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...ट्रेड यूनियनों का विरोध



देहरादून, शुक्रवार, 29 मई 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0°

32200.59

2 हांगकांग पर अमेरिका का बड़ा फैसला

7 धौनी टी20 विश्व कप खेल सकते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### 86 हजार से ज्यादा एक्टिव मरीज, अब तक 4531 की गई जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 1.58 लाख को पार कर गई है। 86 हजार एक्टिव केस हैं, लेकिन अच्छी बात यह है कि ठीक होने वाले मरीजों की दर भी बढ़कर 42.45 फीसद हो गई है और अब तक करीब 67 हजार लोग स्वस्थ हुए हैं। महाराष्ट्र पुलिस में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 2095 पहुंच गई है, जिसमें 897 कर्मी ठीक हो चुके हैं, 1178 मामले सक्रिय हैं।

### बीजेपी नेता संबित पात्रा में कोरोना के लक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रवक्ता संबित पात्रा में कोरोना वायरस के लक्षण मिले हैं। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल संबित पात्रा को गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। फिलहाल संबित की तरफ से इसकी कोई जानकारी नहीं आई है। बीजेपी में शामिल हो चुके ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संबित पात्रा के लिए ट्वीट भी कर दिया है। उन्होंने उनके जल्द ठीक होने की कामना की। बता दें कि संबित पात्रा खुद भी डॉक्टर हैं।

### लॉकडाउन-5? केंद्र ने राज्यों से मांगे सुझाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना का संक्रमण रोकने के लिए जारी लॉकडाउन-4 31 मई के खत्म हो रहा है। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केंद्र सरकार ने लॉकडाउन-5 के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सुझाव मांगे हैं। इसके अलावा मेट्रो के संचालन की मांग करने वाले राज्यों से केंद्र ने ब्लू प्रिंट मांगा है। बता दें कि लॉकडाउन-4 में ढील के बाद दिल्ली में मेट्रो सेवा शुरू करने की मांग हो रही है।

# पुलवामा जैसी आतंकी साजिश नाकाम

## सुरक्षाबलों ने फेरा आतंकियों के मंसूबों पर पानी

कार पर कठुआ की नंबर प्लेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। श्रीनगर के पुलवामा में पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की मदद से एक बड़ा आतंकी हमला होने से टल गया। सुरक्षाबलों ने आईईडी से लदी सैंट्रो कार को समय रहते ही ट्रैक किया और उसे डिफ्यूज कर दिया। हालांकि कार ड्राइवर आतंकी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। कश्मीर पुलिस आईजी विजय कुमार ने बताया कि इस साजिश के पीछे मुख्य रूप से जैश-ए-मोहम्मद का हाथ था जिसमें हिजबुल मुजाहिदीन भी उसे मदद कर रहा था। सुरक्षाबलों ने कैसे आतंकियों के मंसूबे पर पानी फेरा, इसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। आईजी विजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंसिंग में बताया, हमें पिछले एक हफ्ते से इनपुट मिल रहे थे कि जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मिलकर आत्मघाती हमले की फिराक में हैं। इसमें ये कार बम का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बाद ही सारी एजेंसियां चौकन्ना थीं। बुधवार के दिन में हमारी जानकारी पुख्ता हो गई। इसके बाद शाम को पुलवामा पुलिस ने सीआरपीएफ, सेना ने कार को ट्रैक करके कई जगह नाका लगाया।

**40 से 45 किलो तक था विस्फोटक:** आईजी ने यह भी बताया कि विस्फोटक में नाइट्रेट सॉल्ट, यूरिया नाइट्रेट और नाइट्रोग्लिसरीन का इस्तेमाल किया था। जिस हिसाब से विस्फोट होने के बाद मलबा 50 मीटर तक ऊपर उठा था जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि 40 और 45 किलो तक आईईडी होगा।

**सुरक्षाबलों ने टाला बड़ा आतंकी हमला:** बता दें कि बृहस्पतिवार सुबह ही पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने कार में आईईडी भरकर हमले की बड़ी साजिश को नाकाम किया गया था। सुरक्षाबलों ने पुलवामा के आइनगुंड इलाके में एक सैंट्रो कार में ले जा रही आईईडी को बरामद किया था। जिस वाहन में यह आईईडी मिली है, उसपर लगी नंबर प्लेट पर कठुआ का नंबर लिखा हुआ था।



### जंग-ए-बद्र के दिन ही होना था हमला

आईजी ने बताया, हमारे पास इनपुट्स थे कि जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी इस कार्रवाई को करने वाला था। और यह जंग-ए-बद्र के दिन ही करना था। लेकिन सेना ने निगरानी बढ़ा दी और बहुत सारी एहतियात बरती गई। सेना के ऑपरेशन के चलते वह नहीं कर पाया। सुबह से यह खबर आने लगी थी। आदिल डार जो हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी है, जैश के साथ भी रहता है। जैश का फौजी भाई जो पाकिस्तानी कमांडर है, तीनों मिलकर इसको अंजाम देने वाले थे।

### अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया आतंकी

आईजी ने बताया, श्नाका पार्टी ने वॉर्निंग फायर किया जिसके बाद आतंकियों ने गाड़ी घुमाकर भागने की कोशिश की। इसके बाद उन्हें दूसरी वार्निंग दी गई जिसमें आतंकी अंधेरे में चकमा देकर फरार हो गया और कार वहीं छूट गई। हमारी पार्टी ने दूर से देखा और सुबह होने का इंतजार किया। सुबह सेना के साथ बम डिफ्यूजल की टीम वहां पहुंची और बम का पता लगाया। इसके बाद वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करके बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज किया गया। इस तरह बहुत बड़ा हादसा होने से टल दिया गया।

# चार तरह की कोविड-19 वैक्सीन बना रहा भारत

## अक्टूबर तक चढ़ सकते हैं पहली सीढ़ीः डॉ. राघवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. के विजय राघवन ने कहा है कि कोविड-19 के लिए देश में वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया जोरों पर है और अक्टूबर तक कुछ कंपनियों को इसकी प्री क्लीनिकल स्टडीज तक पहुंचने में सफलता मिल सकती है। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में वैक्सीन बनाने की चार प्रक्रिया है। भारत में इन चारों पद्धतियों का इस्तेमाल कोविड-19 के लिए वैक्सीन बनाने में किया जा रहा है।

डॉ. राघवन ने कहा, कुछ कंपनियां एक फ्लू वैक्सीन के बैकबोन में आरएंडडी कर रहे हैं, लगता है अक्टूबर तक प्री क्लीनिकल स्टडीज हो जाएगी। कुछ फरवरी 2021 में प्रोटीन बनाकर वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया में जुटे हैं। कुछ स्टार्टअप्स और कुछ अकैडेमिक्स भी वैक्सीन बनाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी में हम अगुवाई कर रहे हैं जबकि कुछ की अगुवाई में हम अपना योगदान दे रहे हैं।

**विज्ञान और तकनीक की बड़ी भूमिकाः** वहीं, नीति आयोग के सदस्य और कोविड-19 पर बने एंपावर्ड ग्रुप- 1 के चेयरमैन डॉ. वी के पॉल ने कहा कि विज्ञान और तकनीक की कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका है और खुशी की बात है कि हमारे देश में विज्ञान और तकनीक का दायरा बहुत बड़ा है।

### वैक्सीन बनाने में सामान्य से 100 गुना होगा खर्च

डॉ. राघवन ने कहा कि आम तौर पर वैक्सीन बनाने में 10 से 15 साल लग जाते हैं और उनकी लागत 20 करोड़ से 30 करोड़ डॉलर तक आती है। चूंकि कोविड-19 के लिए एक साल में वैक्सीन डिवेलप करने का लक्ष्य है, ऐसे में खर्च बढ़कर 20 अरब से 30 अरब डॉलर हो सकता है। आम तौर पर वैक्सीन तैयार होने में 10 से 15 वर्ष लगते हैं और खर्च पड़ता है 20 या 30 करोड़ डॉलर। अब हमारी कोशिश है कि 10 साल को घटाकर एक साल में वैक्सीन डिवेलप कर दें।

## मजदूरों से न लें किराया, खाना भी दें राज्यः सुको

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश भर में फंसे प्रवासी मजदूरों की समस्या और उन पर आई विपत्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि मजदूरों से बस, ट्रेनों का किराया नहीं लिया जाएगा। कोर्ट ने आदेश दिया कि राज्य सरकारें मजदूरों का किराया देंगी और उनको घर पहुंचाने की व्यवस्था करेंगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारें मजदूरों की वापसी में तेजी लाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ट्रेन या बस का कोई किराया नहीं लिया जाएगा। अदालत ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए सभी प्रवासी कामगारों को संबंधित राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा उन स्थानों पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा मजदूरों को ट्रेन या बसों में चढ़ने का समय भी बताया जाएगा। जिस राज्य से प्रवासी मजदूर चलेंगे वहां स्टेशन पर उनके भोजन और पानी का इंतजाम किया जाएगा।

## राहुल, प्रियंका, सोनिया का मोदी पर एक साथ वार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■6 महीने तक हर महीने गरीबों को 7500 रुपये दें

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को मोदी सरकार पर ट्रिपल अटैक किया। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर पार्टी के स्पीक अप इंडिया अभियान की शुरुआत करते हुए मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। सोनिया ने कहा कि कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण गरीबों का बुरा हाल है लेकिन सरकार उन पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार को हर गरीब के बैंक खाते में अगले 6 महीने तक हर महीने 7500 रुपये डालने चाहिए।

**गरीबों पर मारः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी ये मांग दोहराते हुए कहा कि कोरोना की सबसे ज्यादा मांग गरीबों पर पड़ी है। हिन्दुस्तान को कर्ज की जरूरत नहीं है, आज देश को पैसों की जरूरत है।

**महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने की कोशिशः** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि गरीबों के खाते में तुरंत 10 हजार रुपए डाले जाने चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने बसों पर राजनीति की। महाराष्ट्र में सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। आज देश की जनती दुखी है, तड़प रही है। सरकार उनकी मदद नहीं कर रही है।

## 1 जून को भारत पहुंचेगा मानसून

गर्मी से मिलेगी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए 1 जून को परिस्थितियां अनुकूल हैं। यानी उम्मीद की जा रही है कि 1 जून को मानसून केरल पहुंच सकता है। ये इस आधार पर कहा जा रहा है कि दक्षिण पूर्व और पूर्वी केंद्रीय अरब सागर के ऊपर 31 मई के करीब कम दबाव बन सकता है। गुरुवार के हिसाब से देखा जाए तो दक्षिण पश्चिम मानसून मालदीव की कुछ जगहों पर समय से पहले पहुंच रहा है। कोमोरिन इलाका, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्से, अंडमान सागर के बचे हुए हिस्से और अंडमान निकोबार समूह में इसके जल्दी पहुंचने की संभावना है।

उम्मीद है कि अगले 72 घंटों में ये उत्तर पश्चिम से दक्षिण ओमान और पूर्वी यमन तट की ओर बढ़ेगा। मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए केरल सरकार ने अरब सागर में मछली मारने पर बैन लगा दिया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in